an>

Title: Need to improve flight connectivity in Ranchi, Jharkhand.

श्री राम टहल चौधरी (राँची) : माननीय अध्यक्ष महोदया, शून्यकाल में आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र राँची, जो झारखण्ड की राजधानी है, में पूरे झारखण्ड के लिए एक ही हवाई अड्डा है। पूर्व में पिछले कई वर्षों से राँची से दो महानगरों- दिल्ली और मुम्बई के लिए एक मात्र इंडियन एयर लाइंस की फ्लाइट 809 और 810 चल रही थी। राँची से मुम्बई वाया दिल्ली एवं मुम्बई से राँची वाया दिल्ली उडान भरने वाली फ्लाइट को बंद कर दिया गया है। एयर इंडिया की एक फ्लाइट संख्या 417, दिल्ली से रांची और फ्लाइट संख्या 418 दिल्ली से रांची के लिए चालू की गयी है, लेकिन वह समय पर नहीं चलती है। इस फ्लाइट में जो एग्जीक्यूटिव क्लास वर्षों से था, उसे हटा दिया गया है एवं उसके समय में फेरबदल किया गया है। राजधानी होने के नाते भारत सरकार के नागरिक उड्डयन विभाग को सुविधा बढ़ानी चाहिए, लेकिन दी गयी सुविधा को भी खत्म कर दिया जा रहा है। रांची से मुंबई जाने वाली फ्लाइट संख्या 810 एवं मुंबई से रांची आने वाली फ्लाइट संख्या 809 बंद हो जाने से यात्रियों का काफी परेशानी हो रही है, साथ ही आम लोगों में विभाग के प्रति आक्रोश भी है। अतः मैं आपके माध्यम से विभाग के मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि पूर्व की भांति, रांची से मुंबई वाया दिल्ली फ्लाइट संख्या 809 और मुंबई से रांची वाया दिल्ली एयर इंडिया फ्लाइट संख्या 810 को शीघ्र चालू किया जाए, एग्जीक्यूटिव क्लास की सीट, जिसे हटा दिया गया है, उसे बरकरार रहने दिया जाए एवं रांची से देश के अन्य शहरों जैसे बंगलौर, चेन्नई, अहमदाबाद, हैदराबाद आदि को हवाई यात्रा से जोड़ने की मांग करता हूं। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री विद्युत वरन महतो, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय एव् श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री राम टहल चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।